दिनांकः 02.07.2024

-प्रेस नोट-

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

थाना देवबंद, सहारनपुर पुलिस द्वारा लाईसैंसी रिवाल्वर चोरी का 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अवगत कराना है कि दिनांक 23.07.2015 को वादी ललित त्यागी निवासी कोरवा गांव थाना देवबंद सहारनपुर द्वारा लिखित तहरीर बाबत अज्ञात चोरों द्वारा वादी की लाईसैंसी रिवाल्वर चोरी हो जाने के संबंध मे थाना देवबंद पर मु0अ0स0 500/2015 धारा 380 भादवि पंजीकृत कराया गया था। जिसमे विवेचना में अभियुक्त विवेक उर्फ विक्की पुत्र सुशील उर्फ मुँछ निवासी ग्राम मथेडी रतनपुरी मुजफ्फरनगर का नाम प्रकाश मे आया था। जनपद मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा अभियुक्त विवेक उपरोक्त को दिनांक 03.01.2023 को गिरफ्तार किया गया था जिससे पुलिस को उपरोक्त मुकदमें से सम्बन्धित चोरी हुई रिवाल्वर बरामद हुई थी जिसके सम्बन्ध में जनपद मुजफ्फरनगर के थाना रतनपुरी पर अभियुक्त विवेक उर्फ विक्की के विरुद्ध मु0अ0सं0-02/23 धारा-3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया था।

माननीय न्यायालय द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी वारंट व धारा 82 सीआरपीसी के आदेश जारी किये गये थे जिसके क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबंद के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना देवबंद के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त मुकदमें में वांछित एवं अभियुक्त **विवेक उर्फ विक्की पुत्र सुशील उर्फ मुँछ निवासी ग्राम मथेडी थाना रतनपुरी जनपद मुजफ्फरनगर** को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

विवेक उर्फ विक्की पुत्र सुशील उर्फ मुँछ नि0 ग्राम मथेडी थाना रतनपुरी मुजफ्फानगर

गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-

1. मु0अ0स0 500/15 धारा 380,411 ipc थाना देवबंद स0पुर
2. मु0अ0स0 107/23 धारा 323,504,506 ipc 3(1)घ,द sc/st act थाना रतनपुरी मु0नगर
3. मु0अ0स0 2/23 धारा 3/25 AAct थाना रतनपुरी मु0नगर
4. मु0अ0स0 396/11 धारा 307 ipc थाना मनसूरपुर मु0नगर

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. व0उ0नि0 अजय कुमार थाना देवबंद जिला सहारनपुर।
2. म0उ0नि0 राधा चौहान थाना देवबंद जिला सहारनुर।
3. है0का0 परविन्द्र सिह थाना देवबंद जिला सहारनपुर।
4. है0का0 विनोद कुमार थाना देवबंद जिला सहारनपुर।